# शनिकथा

खेमराज श्रीकृष्णदास प्रकाशन

।। श्रीः ।।

# शनिकथा

शेखावाट्यन्तर्गत शहर फतेपुरवासी
गौड-ब्राह्मण हरीतवाल ब्राजलालीय
**श्रीयुत पण्डित रामप्रताप शर्मा**

द्वारा शनिग्रह पीडा निवारणार्थ
अत्युत्तम छन्दबद्ध दोहा, चौपाई कवित्तों में वर्णित।

**खेमराज श्रीकृष्णदास प्रकाशन**
**बम्बई-४०० ००४.**

संस्करण : जून २०१२, सम्वत् २०६९

मूल्य :- ३५ रुपये मात्र।

© सर्वाधिकार : प्रकाशक द्वारा सुरक्षित

मुद्रक एवं प्रकाशक :
खेमराज श्रीकृष्णदास,™
अध्यक्ष : श्रीवेंकटेश्वर प्रेस,
खेमराज श्रीकृष्णदास मार्ग, बम्बई- ४०० ००४.

Printers & Publishers
**KHEMRAJ SHRIKRISHNADASS**
**Prop: Shri Venkateshwar Press**
Khemraj Shrikrishnadass Marg,
7th Khetwadi, Mumbai - 400 004.

Web Site : http://www.khe-shri.com
E-mail : khemraj@vsnl.com

Printed by Sanjay Bajaj for M/s Khemraj Shrikrishnadass
Prop. Shri Venkateshwar Press, Mumbai-400004,
at their Shri Venkateshwar Press,
66 Hadapsar Industrial Estate, Pune -411 013.



## -: प्रस्तावना :-

प्रकट हो कि, सर्वजनों के कल्याणार्थ तथा शनिदेव की क्रूर दृष्टि निवारणार्थ यह शनिकथा अत्युतम रीति से श्रीयुत पण्डित रामप्रताप शर्माजी ने निर्माण की है। इसमें राजा नल तथा राजरानी दमयंती तथा अयोध्याधिपति राजा हरिश्चन्द्र तथा मानव राजा विक्रमादित्य प्रभृति को शनि दशामें प्राप्त हो अनेक दुःख पाने तथा पुनः शनिदेव की पूजा से पूर्ववत् राजसुख भोगने का पूरा विवरण है। इसके पठन-पाठन से शनिदेव अत्यन्त प्रसन्न होते हैं और जिस पुरुष पर साढेसाती शनैश्चर आया हो उसको तो इस पुस्तक का अवश्य ही पाठ करना चाहिये। यह अलभ्य ग्रन्थ उन्हींके पुत्र पण्डित हीरालालजी के द्वारा प्राप्त कर सज्जनों के दृष्टिगोचर किया गया है।

**सम्वत् : १९८५** **खेमराज श्रीकृष्णदास**

**अध्यक्ष : श्रीवेंकटेश्वर प्रेस.**

# शनिकथा की अनुक्रमणिका


| अध्याय | विषय | पृष्ठाङ्क |
|---|---|---|
| १ | मंगलाचरण तथा भरतखंड महिमा वर्णन | ५ |
| २ | स्वप्न वर्णन | ११ |
| ३ | राजा दशरथ का संवाद | १४ |
| ४ | राजा सौदास प्रसंग | १८ |
| ५ | राजा हरिश्चन्द्र की कथा | २० |
| ६ | नल-दमयन्ती इतिहास | २४ |
| ७ | तथा दमयन्ती इतिहास | २७ |
| ८ | राजा विक्रमादित्य के गुणगान वर्णन | ३३ |
| ९ | राजा विक्रमादित्य का वनवास | ३६ |
| १० | राजा विक्रमादित्य के कलंक लगने तथा हाथ पैर काटे जाने की कथा | ३९ |
| ११ | राजा विक्रमादित्य के व्याह की कथा | ४८ |
| १२ | राजा विक्रमादित्य के घर आने की कथा | ५६ |
| १३ | वाहन भेद वर्णन | ५९ |
| १४ | शनिदेव की पूजा विधि | ६१ |
| १५ | शनिकथा माहात्म्य | ६३ |


।। इति विषयानुक्रमणिका समाप्ता ।।

श्रीगणेशाय नमः

# शनिकथा

*****

-: छप्पय :-

सिद्धि बुद्धिपति नमो नमो पुनि विघ्नविदारण।
एकदंत हेरंब गौरीसुत विपति विदारण।।
लंबोदर गणराज गजानन असऱ्या सारण।
पूजैं शेष महेष अचर-चर के तुम कारण।।
भववारिधिके तरणको अशरणके नौसम शरण।
हाथ जोड़ विनती करूँ गणपति मेरे दुखहरण।।१।।

-: कुण्डलियां :-

शीश नमाऊँ शारदा ब्रह्मा विष्णु महेश।
तीनरूप गुरुदेवको धरहूँ ध्यान हमेश।।
धरहूँ ध्यान हमेश ज्ञान करुणाकर दीनो।
सद्संसार असार निगम निरधार सुचीनो।।
सुन्दर कथा बनाय धर्मका ठाट जमाऊँ।
ब्रह्मा विष्णु महेश शारदा शीश नमाऊँ।।१।।
शाकंभरि माता नमो काय वाक मन प्रेम।
निशिदिन ध्यान धरूँ हिये यो मेरे नित नेम।।
यो मेरे नितनेम क्षेम मंगलकी करणी।
शरणी संपत तणी दुःख दारिदकी हरणी।।
होत विश्वविख्यात भक्त वांछित फल पाता।
काय वाक मन प्रेम नमो शाकंभरिमाता।।२।।

-: छप्पय :-

कही गुसांई सूर्यमल्ल इक कथा बनावो।
शनि मोटो है देव छंद गुण गुंथ सुनावो।।
जग भूल्यो है राह धर्मको रंग चढ़ावो।
सुन-सुन उपजै प्रेम दुनीकै भाव बढ़ावो।।
सुयश तुम्हारो होत है बहुत भांत विनती करी।
संस्कृत भाषा देखकर रचनेकी मनमें धरी।।१।।

शेखावाटी बीच सहर इक है फतनांपर।
पंडित रामप्रताप ज्ञानगुणको रतनाकर।।
काव्यालंकृति देवगिरा प्राकृत रचनासर।
मनमें हुयो हुलास देव शनिका वचनांबर।।
सार सारहू चीनता वृथा झोड़ नाहीं घणूं।
अल्पबुद्धि नर कारणे सौरिकथा भाषाभणू।।२।।

### -: दोहा :-

जय गोविंदजीको नमो, सब विद्या भरपूर।
जिनकी महिमा सुनतही, दुश्मन भाजै दूर।।१।।
पंडित रामप्रताप हैं, देशनमें सरनाम।
ज्योतिष वेद पुराणवल, मानै मुलकतमाम।।२।।
कथाकरी शनिदेवकी, लोकनके हितकार।
भूल–चूक दीखै कछू, लीजो सुघर सुधार।।३।।
छंद बनाऊँ चावसे, अपनी मति अनुसार।
परमरसीली है कथा, पंडित करो विचार।।४।।
जम्बूद्वीप शिरोमणि, सात द्वीपके मांय।
ताका खंड भयानवै, झूठ रती इक नांय।।५।।
भरतखंड सबसे अधिक, ब्रह्मावर्त्त पुनीत।
गंगा यमुना बीचमें, राजा भए सुनीत।।६।।
कर्म किया ह्यां भोगता, सब लोकनमें जाय।
कर्मभूमि तासे भई, दीना भेद बताय।।७।।

### -: चौपाई :-

भरतहि खंड कर्मकी भूमी। केइ दातार केइ नरसूमी।।
जैसा बीज इहां जो बोवै। परलोकन तैसा फल पावै।।१।।
कर्म योग मानुषदे आवै। ह्यांको खाट्यो सगलै खावै।।
सच्च बात कहता हूं तुमकूं। भजन करै सो जीतहि जमकूं।।२।।
मूरखजन समझै नहिं कोई। कर प्रमाद अमृत कर खोई।।
भजन बिना नर भली डबोई। जानत लोक बिगाड़ै दोई।।३।।
काम क्रोध की तजै उपाधी। संयम योग ध्यान तप साधी।।
कर्म निकाम मोक्षपद आधी। मन विराम आराम समाधी।।४।।
वेदव्यास शुकदेव सिखायो। चार वेदको अर्थ दिखायो।।
राम नाम तत सार बताया। उमा प्रती श्रीशिवने गाया।।५।।
मात पिता बन्धु सुत भाई। स्वारथ के साथी बनिताई।।
मेरी मेरी करत फिरंता। करम भ्रष्ट होय अधो गिरंता।।६।।

तीन जन्म की सूझै चौड़े। करै चाकरी धरती फोड़ै ।।
छत्र फिरै चढ़ता केइ घोड़ै। केइ खोवै केइ पूंजी जोड़ै ।।७।।
रात दिवस वायू सम दोड़ै। केइ येक फिरत नाजके तोड़ै ।।
चोरी जारी झूठा झोड़ै। भुगतै कैद पड़ै पग खोड़ै ।।८।।
हाथ लगायर पगां लुझावै। जम फांसी चौरासी पावै ।।
मिथ्या भरम बन्या है कबका। राम संगाती आखिर सबका ।।९।।
हरहित टुक अन्नादिक देवो। नाम सैंस नितकी उठ लेवो ।।
छसै दोयसै सेई कीसा। नाव लिया विन मृतकहिं जीसा ।।१०।।
वेद पढ़ंता गुरुको बूजी। राम समान वस्तु नहिं दूजी ।।
कायाधव ओर तिरगए धूजी। सोई सत्य हमां नै सूजी ।।११।।
रात दिवस रटते हैं संता। शेष महेश लह्यो नहिं अंता ।।
नेति नेति कर वेद बखान्यो। सोई सारब्रह्म मुनि मान्यो ।।१२।।
विषयन का सुख विषका बिंदू। राम रट्यां तिरजा भवसिंधू ।।
और उपाय नहीं है कोऊ। राधा कृष्ण भजोनी दोऊ।।१३।।

-: दोहा :-

सातपुरी जिनमें सिरै, मालव देश उजीण।
राजा विक्रम भानुता, चौंसठ कला प्रवीण ।।१।।
चवदै विद्या जिनगही, रही न छानी कोय।
परदुख भंजनहार नृप, तैसा विरला होय ।।२।।

-: छन्द- वीरखसायन :-

पुरी अवंती शोभावंती, ज्यां विक्रम से राजा ।।
महाकाल की महर शहर में, नित ही बाजत बाजा।।टेर ।।
क्षिप्रा गंगा चलत तरंगा है अपरंपारी ।।
स्नान करन को नित उठ आवत सब ही नर-नारी ।। ध्यान धरते हैं त्रिपुरारी ।।
सात बार नोनिवार जिनमें खुल रही टवारी ।। देखती हैं आलम सारी ।।
वारी भंरी बूढी ठेरी टूलत है लारी ।। बजाती है कोई तारी ।।
हंस-हँस गावत गीत प्रीतसूं मिल-मिल छिनगारी ।।
शोभा वरणी न जाय सज्या है, बहुरंगी साजा ।।१।।
चौरासी हैं लिंग सदाशिव के च्यारूं द्वारी ।।
आठ पहर दिन रात हमेशा करते रखवारी ।। मेटदी असुरनकी धारी ।।
नवदुरगा के थान मान ज्यां होती पुजारी ।। वेद धुनि ब्राह्मण उच्चारी ।।
रही जागती ज्योती भवानी भक्त प्रतिपारी ।।
हर सिद्धि-ऋद्धि सिद्धि की दाता सिद्ध करै काजा ।।२।।

मांधाता नल भरत भगीरथ अंबरीष सगरा ।।
नृग ययाति यदुदेव पृथूजी रचदीनां नगरा ।। बतावै भूले कूं डगरा ।।
दश अठ्ठारा पुराण में जिनका वरण्यां झगरा ।। भये भूमीपर उजगरा ।।
षट् दिलीप रघु रंति देव गय नहुषन का चगरा ।।
जस कीरति विक्रम की सुन गये सुरपुर कूं लाजा ।।३।।
चतुरंगी दल सज्या फरकता पश्चरंगी झंडा ।।
निज प्रताप से हटा दिये हैं वैरी गण बंडा ।। जानते हैं भारत खंडा ।।
दान यज्ञ नित पुराण बंचता कीरति ब्रह्मंडा ।। पिशुन जग दुख पावत चंडा ।।
यती सती शुभचिह्नवती सूं गुनैगार दंडा ।।
परदुख भंजनहार रीत से बांधी मरयादा ।।४।।

### -: छन्द मनहुलास :-

कहूं एक इतिहास सुनो दे काना ।।
शनि-विक्रम संवाद सांच कर माना ।। टेर ।।
महाकाल महाराज पुरी ऊजीणी ।।
समझ करो गुरुज्ञान बात है झीणी ।।
जां आनन्द बहुत उछाह बाजत बाजा ।।
करै धर्म प्रतिपाल विक्रम राजा ।।
दूर किया दुख द्वन्द ने लोक नै जाना ।।१।।
जां भरे बहुत भंडार द्रव्य माया के ।।
सबी बात के ठाट पुण्य पाया के ।।
नहीं मोह मस्ताक पुत्र जाया के ।।
खूब करे रिछपाल विप्र गाया के ।।
सप्त अंग बहु संग रंग है नाना ।।२।।
वाजत ढोल मृदंग शंख घन गरजै ।।
मुरली धुनि मोचंग झाँझ ढप परजै ।।
नोबत घुरे निसान सनाई झरजै ।।
रणसिंगा षडताल बाँकिया सरजै
मंगल गावै गीत गुणी मिलताना ।।३।।
म्यांना पिनसूरथाश्च पालकी हसती ।।
मालवमें सरनाम अवंती वसती ।।
नर-नारी सुख सदा करत है मसती ।।
राजा के परताप नहीं अरि दसती ।।
नित-नित नया तिहार रंग रस ठानां ।।४।।

रत्नजटित कंचन के महलां माहीं।।
सुख सूता नृप फूलन सेज बिछांहीं।।
अर्धरात के समय सुपन इक आयो।।
चेत–चेत यूं भाषत भूप जगायो।।
मैं हूं शनि मोटा देव धरो तुम ध्याना।।५।।
तुमरे हित की कहूं सत्यकर मानी।।
मैं क्रूर महाग्रह दृष्टि क्रूर नहिं छानी।।
मैं सदा दुख देऊं साढसती तोय आई।।
पूज्यां से सुख बिन पूज्यां है दुखदाई।।
चित चावै सो करो कह्या सब व्यांना।।६।।
कृपा करी महाराज दरश दिखलाया।।
नृप निरख रूप विकराल नाहिं घबराया।।
सुन–सुन शनि का वचन टुके मुसकाया।।
मैं करूं भक्ति भगवान एह फरमाया।।
कर्मरेख नहिं टरै व्यास कहलाना।।७।।
नृप भाषै शनिराय करोनि विचारा।।
मोय को नहिं दीखे दुःख मेटनेवारा।।
कोप कियो शनि देख मजा अव म्हारा।।
क्या वृथा बनाया हरी वेद का भारा।।
अंध घोर जग मांय प्रगट ज्यूं भाना।।८।।
पुरुशारथ क्यूं करै धर्म की हानी।।
नास्तिक पंथ उठाय बकै तू बानी।।
होज्या एकूं कार समझ अज्ञानी।।
माचै घोटा भेल धरक जिनगानी।।
पंडित पूछ बुलाय और परधाना।।९।।
पंडित रामप्रताप रीत उपजाई।।
दोवन को संवाद मोद मद गाई।।
इह भांति कथा परसंग रंग छाई।।
होत काम कल्याण बात चित चाई।।
भाग जोग मिल जाय भली काटांना।।१०।।

## –: चौपाई :–

पुरी अवंती वास सवायो। राजा विक्रम भानु बतायो।।
रत्न जडित मंदिर के मांही। सूतो थो सुख सेज बिछांही।।१।।

अर्धरात सुपनै शनि आयो। नृप विक्रम कूं रूप दिखायो।।
बोले धमक सुनो इक बानी। क्रूर दृष्टि मेरी नहिं छानी।।२।।
साढसती तुमको अब आई। दान पुण्य जय सदा सहाई।।
कालो वर्ण तेल लपटायो। भैंसे ऊपर चढकर आयो।।३।।
कालो कंबल कर करवाला। दंड लियों कूं डलिया चाला।।
राजा सुन मन कियो विचारा। मेघनाद बोले ललकारा।।४।।
कूंन देव आये किन काजा। बातां पूछै विक्रम राजा।।
विकृत वदन भनत शनिवानी। तुम राजा दीसत अभिमानी।।५।।
सूरज सुत मैं हूं शनिदेवा। सब ही हमरी करते सेवा।।
धूप दीप सिंदूर चढावै। ध्यान धरै अरु शीश नमावै।।६।।
ते नर खंता कदे नहि खावै। साढसती सुख सहित विहावै।।
राजा तुरत सुनावै ज्वाबा। ग्यां मैं नहीं ज्ञान गरकावा।।७।।
कूंन जिवावै कूं नहिं मारै। कूंन लेख विधिनाके टारै।।
सोच नहीं देवन कू मंदा। कहा दोष दीजे शिरबंदा।।८।।
अपना किया आप ही भर्त्ता। सुख दुख को दूजो नहिं कर्त्ता।।
भूल्यो आप और भरमावै। इसै देव कूं कूं न मनावै।।९।।
एक देव माया से मिलकर। नाना रूप नीर में दिनकर।।
सत चित आनंद एक अटूठा। नाम रूप सब जग है झूठा।।१०।।
सुन नृप वैन कोप शनि भाषै। ज्ञान गर्व नरपति नहिं नाषै।।
मेरी सेवा करै न राजा। विगरै बातरु होय अकाजा।।११।।
अब तूं देख बजाऊं बाजा। सावधान होय करो इलाजा।।
इतनी कह भये अंतर्ध्याना। उचट नींद नृप जगे सयाना।।१२।।

राजोवाच :- -: छप्पय :-

प्रारब्धके योग दुःख सुख भोगै दुनियां।
गाफिल गोता खाय मर्म कूं जानै गुनियां।।
करत मूढ हरि छांड आन देवन की पूजा।
एक निरंजन देव और नहिं मांनू दूजा।।
बात बनावो हर किसी गरज काहुसे नासधै।
कमल दिवानी बहगई राई घटै न तिल बधै।।१।।

इति शेखावाट्यन्तर्गत सहर फतेपुरबासी हरितवाल गौडब्राह्मणब्राजलालीय
पंडित रामप्रताप विरचितायां शनिकथायां प्रथमोध्यायः।।१।।

*****

-: दोहा :-

देख्यो सुपन जंजाल मैं, चेटक आधी रात।
सुखसे रैन विहायगी, तबहिं हुयो परभात।।१।।

-: छन्द- पद्धरी :-

बंदीजन मिलकै करत सोर। तुम उठो भूप अब भयो भोर।।
कर शौच स्नान पुनि धरो ध्यान। याचक जनकूं दियो बहुत दान।।१।।
फिर आन सभा साजी हुजूर। ता आमखास भरियो भ्रपूर।।
जुर आये मंत्री सुभट शूर। दुष्मन भागत हैं देख दूर।।२।।
अरु यथा योग्य बैठे अनेक। चलि राजनीति करते विवेक।।
कोउ अरज सुनावै कामदार। पंडित मिल भाषैं सप्तसार।।३।।
षट् शास्त्र माहिं ते हैं प्रवीन। करते प्रबंध रचना सुचीन।।
कंकू प्रवुद्ध शिवदत्त नाम। परभाकर गणपति सिद्धथाम।।४।।
सप्तम जिन मांहि कालिदास। नित नित करत प्रतिभा प्रकाश।।
शिर चमर छत्र ढुरते हमेश। जां रुष्टमान गिरिजा गणेश।।५।।
नूतन प्रबंध कविता करंत। मनकी लख समसा लघु पुरंत।।
कीरति यश जाको सर्वदेश। भय कंपमान दुर्जन नरेश।।६।।
तस्कर छिप बैठे माररोष। कूडो नहिं देवत काहु दोष।।
तप तेज प्रबल चढरयो जोस। कहुँ सुनि नांय है लूट खोस।।७।।
बचते ज्या वेद पुराण बोत। पूरब राजनकी कथा होत।।
गुण अवगुण चीनत नृप सुभाव। खलगुण बिकता नहिं एक भाव।।८।।

-: दोहा :-

राजा पूछत पंडिता, कहो स्वप्नका भेद।
साँचा वा झूठा बन्या, मेटो मनका खेद।।१।।
पंडित भाषै नृप सूनो, सुपना दोविध होय।
फल देता है शुभ अशुभ, भणक्या देख्या तोय।।२।।

**विक्रमादित्य वाक्य :-**

महिष चढ्यो इक देवता, आयो आधी रात।
कृष्णवर्ण मोकूं भजो, यूं बोल्यो धमकात।।३।।
हम बूज्यो तुमको नहीं, नाम सुनावो बोल।
भले बुरेकी पारखा, मनमें लेऊं तोल।।४।।

**शनि वाक्य :-**

नाम शनैश्चर देव मैं, आयो द्वादश रास।
हमरो ध्यान धरो नहीं, करहूँ राज्य विनाश।।५।।

कह्यो नापांम्यो मैं कछू, रती न मानी त्रास।
करणैवारा एक है, सुख दुख जगन्निवास।।६।।
रुष्ट होय पूठो गयो, वाहन महिष जु पाय।
सो मैह पूछूं पंडिता, करजे कौन उपाय।।७।।

पंडिता ऊचुः :- -: सोरठा :-

अशुभ और शुभ जाण, सुपना दो विध होत है।
कहता वेद पुराण, लाभ करै केईखोत है ।।१।।

-: दोहा :-

सुख सूल्यां जो खेदते, होत चित्त विक्षेप।
वो झूठो पहचानिये, साँचो कर्म सचेप।।८।।
धारत है सो कुछ नहीं, सुपनेमें नरदेह।
दीखतमें दोय भेद हैं, सुत बंधू धन गेह।।९।।
सांचा झूठा होत है, हेरू समय प्रमान।
यो सुपनों आछो नहीं, तुम क्यों भये अजान।।१०।।

-: चौपाई :-

पहले पहर सुपन जो आवै। बरस एकमें फल भुगतावै।।
दूजा पहर सपन जो खासा। फल दिखलावै अष्टम मासा।।१।।
तीजा पहर सुपन जो जैसा। मास षट्कमें फल हो तैसा।।
चौथे याम सुपन जे आवत। एक मासमें फलही पावत।।२।।
अरुणोदयमें दशदिन जानो। गो खोलनमें तुरत पिछानो।।
नद्यब्धि तरणं आकाशे। गत्यऽर्कोदय रुधिर प्रकाशे।।३।।
ग्रह तारा मंडल शुभकारी। पर्वत रोहण महल अटारी।।
कांचो मांस मद्यको पीनो। कृमि विष्ठा लेपन सुख जीनो।।४।।
भूषण रतन दहीको भक्षण। श्वेत वस्त्र चंदन सुविचक्षण।।
तुस पंकज राजा अरु क्षत्री। देव विप्र गुरु गोवृष सत्री।।५।।
हस्त्यारूढ क्षीरि फल तरुवर। दर्पण पुष्प अलंकृत सरवर।।
घोडा सोनो सरुदित मृतहि। गमन अगम्यां धन्य जुकृतहि।।६।।
क्षीरी वृक्ष देखकर फूल्यो। धन लाभै शीघ्रहि नर भूल्यो।।
श्वेत सर्व ग्रसता कर दैणो। लाभ सहस्र दशम दिन कैणो।।७।।
बीछू सर्प ग्रसै जलमांहि। अर्थ सिद्धि अरु विजय सुताहि।।
गिरि मंदिर चढ तिरता सागर। दास कुलीन भूपगुण आगर।।८।।
तलावमें जीमै घृत पायस। पद्म पत्रमें राज सिखायस।।
क्रौंची कुर्कुटी और बलाका। कुलजा कन्या त्रिया मिलाका।।९।।

वेडी घलै बाहुकी फांसी। धन सुत लाभ आवती हाँसी।।
आसन यान देह गृहशज्या। ज्वलित जगे श्रीपावसलज्जा।।१०।।
निर्मल खड्ग पादुको पानह। चोखो अन्न तुरत सुख जानह।।
दहि देख्यो अरु पायो नीको। घृतलाभ्यां यश खायां फीको।।११।।
शस्त्र पेष्टितो गढपति जीवै। क्षीर सफेन सुधारस पीवै।।
नाग पत्र अगुरू करपूरा। सीस्युंजव गोधूम सतूरा।।१२।।
दीप शंख मङ्गल धुनि बाजा। सिंहध्वजा सिंहासन राजा।।
वाडी बाग बावड़ी कूवा। कोकिल भ्रमर मोर हरि सूवा।।१३।।
शुभका भेद कह्या बिजनेसी। घणी समझता सुघर तनेसी।।
खोटा सुपन कितेक सुणाऊं। भली होण परिहार गिणाऊं।।१४।।
दुष्ट सुपनु सुनियो रे भाई। देख्यो सर्प नहीं सुखदाई।।
गर्दभ ऊंट महिष अज काला। मुंडितनग्र जायकी माला।।१५।।
भस्म बेष कीचडमें गर्त्ता। वैपरीत्य गति निश्चय मर्त्ता।।
खोल्यां झूण्ड कामिनी घेरै। दक्षिण दिशमें होत सबेरै।।१६।।
विषको भोजन अहिको डसवो। निश्चय जाण याम्यपुर वसवो।।
धन देवै पादांगुलि छूवै। शीश चढ्या म्हीनै मैं मूवै।।१७।।
लिपट्या सर्प जगै नर जोई। दुःख घणोके मरणो होई।।
मृतत्रिय संग तेलको स्परसन। श्राद्ध होम शुभ मृतको दरशन।।१८।।
अङ्गहीन होवै स्वर भङ्गा। सो नर स्नान करजो गङ्गा।।
स्रवत वीर्य देहे दुर्गंधी। शिथिल होय ज्यावै तनु सन्धी।।१९।।
इष्ट विनाश वियोग जनावै। भाग योग भागवत सुनावै।।
गीध कपोत काक जे पीडै। शिवा शृगाल रीछ कपि झीडै।।२०।।
जल डूबत अरु अगन प्रवेशा। उलकापतन पूयास्थि विशेसा।।
चर्म मूत्र विष्ठाको भोजन। स्वशिरको छेदन बिन खोजन।।२१।।
छिन्न भिन्न अपने पर पेखै। पक्व मांस खांणो दुख देखै।।
तैल कपास लोह खल लाभै। लाल कृष्ण सुक्खसन पराभै।।२२।।
वधिर अन्ध अरु श्रोतस हरणो। मूर्छा मोह नेष्ट व्याकरणो।।
बंबई किंशुक नींवपर चढता। संनिपात वह क्यों ज्यूं पढता।।२३।।
बिकटै-र्घात शस्त्र पाषाणा। तडित निरभ्र धूलि वरषाणा।।
तेजहीन रवि चन्द्र भला नाहिं। काणू षोडो लूलो पङ्गलाहि।।२४।।
घास फूस इन्धन कट धूमा। देख्यो शुभ नहिं कृपणह सूमा।।
सूको रूख कटीलो नेसा। होतो काम लगत है ठेसा।।२५।।
भटकत फिरो देश परदेशा। वणती बात चढै नहिं पेशा।।२६।।
नाव चढ्यो तिरता है नदी। जैमत पडैके करता वदी।।
झाडी शोक प्लक्ष करवीरा। फूल्या देखै शोक सुधीरा।।२७।।

श्वेत छाग चावल अरु छाछी। कदीस्वप्न देखी नहिं आछी।।
विप्रदान दे गऊ चरावो। महामृत्युंजय जाप करावो।।२८।।
ज्यूं ज्यूं गुरु बतावै सन्था। त्यूं त्यूं सूझत निगम सुपन्था।।
वणी कहांहो ज्याजल जन्था। बहुत भेद समझो पड ग्रन्था।।२९।।

-: दोहा :-

भैंसा गदहा ऊंट अहि, लोह कृष्ण तिल तेल।
ए देख्या पीडा घणी, मत जांणी हँस खेल।।१।।
हाथ पाँय छिद जायँगे, लगै खड्ग अरिशेल।
सत्य वचन शनिदेवको, मत ना पाछो पेल।।२।।
तेल लिप्त नर कृष्णको, भैंसे पर दरशाव।
मृत्यु तुल्य दुख देतहि, छिन्न भिन्न कर पाव।।३।।
फल भुगतावै शीघ्रही, केते विलम्ब करन्त।
द्वादश आयो राशिते, शनीदेव इह तन्त।।४।।
दान पुण्य व्रत होम कर, नितप्रति शनिको ध्यान।
जै चावै सुख जीवको, कह्यो हमारो मान।।५।।

-: छन्द-छप्पय :-

ग्रह ऐसे बलवान रंक राजा कर देतां।
राई पर्वतमान अग्रणी होय पछेतां।।
ग्रह वधावै विडद करै पुरुषारथ जेता।
ग्रह अधीन जय हार उधारे वंश समेता।।
खोटा ग्रह लाग्या दशा जप तप दान करंत सुख।
पंडित रामप्रताप कह नातर जान दुरंत दुख।।१।।

इति शेखावाट्यन्तर्गत सहर फतेपुरवासी हरितवाल गौडब्राह्मणव्राजलालीय
पंडित रामप्रताप विरचितायां शनिकथायां द्वितीयोऽध्यायः।।२।।

*****

**विक्रमादित्य वचन :-**

शनि दीनो दुख काहुकूं, पहला मोय बताय।
कथा सुनन शनिदेवकी, रह्यो चित्त हुलसाय।।१।।

**पंडिता ऊचुः :-**

कंपत हैं धन नाशते, दशरथसे अवधेश।
चौथो आयो राशिते, सूरज पुत्र शनेश।।२।।
सातपुरी सरनाम हैं, अवधपुरी निजधाम।
सरयूं गंगा निर्मली, संतनको विश्राम।।३।।

-: छप्पय :-

सप्तपुरी सरनाम ताहिके आदि बखानी।
रघुवंशी विख्यात राज दशरथ रजधानी।।
घर घर मंगलचार सार सबके मनमानी।
करैं संत जन सेव रात दिन मुक्त निसानी।।
सूरज आगे तारिका भाशत हैं ज्यूं चिरमली।
ठौर ठौर सरितान जिम सरयू गंगा निर्मली।।१।।

-: कुंडलिया :-

नौबतखाना बाजता यज्ञ दान नित होय।
जापर जनमें रामजी राजा दशरथ सोय।
राजा दशरथ सोय कौशल्या उनकी रानी।
सौमित्रा शुभ शील कैकेयी हैं कुवधानी।
वेद घोष सतसंग गावते हैं सुरताना।
यज्ञ दान नित होय बाजता नौबतखाना।।१।।

-: चौपाई :-

एक समय मुनि ऋषि जुर आए। सभा मांय भूपाल बुलाए।।
ज्ञान ध्यानकी रीत जनाए। राजनका इतिहास सुनाए।।१।।
ज्योतिषकी बाता चलताही। इक पंडित बोले उनमाहिं।।
शनी देव कृतिका तिम आये। रोहिणी पर जानैका दाये।।२।।
प्रजाहेत कछु करो उपाए। बारा बरसां काल बताए।।
दशरथ सुनहु ए वाचा वोची। सात द्वीप पति दिलमें शोची।।३।।
कौन उपाय प्रजासुख होवै। मोशिर पाप दुनी न चढोवै।।
मिल मंत्रिनसे कस्या विचारा। दारुण समय देख भयकारा।।४।।
किम करिए व्याकुल जग सारा। किन विधि इनका होय सुखारा।।
गुरु वशिष्ठजी को शिर नावत। पूछत कारण बात चलावत।।५।।
हाथ जोड पूछत है भेवा। शनी नाम कैसा है देवा।।
कहौ विचारि करौ मत देरी। सुख पावै ज्यों दुनिया मेरी।।६।।
गुरु सुधीर बोले मृदु वानी। सुनो चित्तदे निगम कहानी।।
जे शनि रुक्ष रोहिणी वेधै। सबपर जानै बहुत निषेधै।।७।।
क्रूर महाग्रह है अभिमानी। शनी दृष्टि तिहुँ लोक दहानी।।
बड़ा असाध्य योग है एही। जतन करो पहलीते तेही।।८।।
राजनीति राजा नहिं चालै। लूटें खोस दुनियां दिन पालै।।
नरक निवास होय उसजीका। पाप कलंक चढै शिरटीका।।९।।

वेद पंथ बांधै मर्यादा। सहज सहज कर लेकर वादा ।।
सही रीत जो पापहि दादा। शील संतोष भेष है सादा ।।१०।।
दुश्मन कै हिवरै में शालै। धर्म करै परजानै पालै ।।
ते राजा सुरपुरको जावै। हरिभक्ती वैकुण्ठ पठावै ।।११।।

-: दोहा :-

करी तयारी युद्धकी, शस्त्र अस्त्र करधार।
शनिको मारग रोकस्यूं, हो मनमें हुशियार ।।१।।
कवच पहिर सज दिव्य रथ, गुरुचरणन शिरनाय।
जै जै दीनी आशिषा, ऋषि मुनि सहज सुभाय ।।२।।

-: सोरठा :-

धनुषबाण लै हाथ, गगन चढ्यो नृप योगबल।
कोउ न दूजो साथ, तारागणके बीचमें ।।३।।
योजन लक्ष कहात, शकटचक्र रवि ऊपारा।
ठाडो होय रहात, दे रोहिणिको पीठमें ।।४।।
हंसवर्ण तुरि योग, ध्वजा पताका फरहरै।
धरै पाव दे ठोग, रतनखचित मणि हेमरथ ।।५।।
कुंडल मुकुट प्रकाश, झलकत भुजपर कंकणा।
दूजा रवी आकाश, बाण चढावै मन्त्रपर ।।६।।

-: दोहा :-

धनुष तांणियो कान सम, संहारास्त्र चढाय।
युद्ध करन ठाडो थयो, अपनो तेज बढाय ।।७।।
देख शनि बोले तहां, तुम क्यूं मग रोकंत।
मैं जाता हूं मोजसे, रोहिणि भेद करन्त ।।८।।
राजा दशरथ यूं कही, जान न देऊं तोय।
क्रुद्धतान भ्रुकुटी विकट, मुख कराल क्यूं होय ।।९।।
पुरुषारथ दशरथ तणां, प्रबल तेज सुनिहार।
है अवतारी ब्रह्म शिव, विष्णु तणै उनियार ।।१०।।
देवासुर भय कारिता, कंपमान तिहुँ लोक।
संहारास्त्र प्रभावसे, करी युद्धकी फोक ।।११।।

-: छन्द- पद्धरी :-

किमु भं करन्त मनमें रिसाल। तब सुप्रसन्न पौरुष विसाल ।।
वर मांग मांग रण रंग धीर। चित चाहत जो रघुवंश वीर ।।१।।
तव हाथ जोड नृप याचताह। तुम रोहिणि भेदन मती जाह ।।
यावत नदि सागर चन्द्र सूर। हम पर मति दृष्टी रखो क्रूर ।।२।।

एवमस्तु शनिजी कहंत। तव राजा भी निर्भय रहंत।।
कृत्य कृत्य होय तज धनुषवाण। दुर्भिक्ष नाश इह कीर्ति जाण।।३।।
हुए हृष्ट रोम कर जोर दोय। स्तुति भाषत नृप सुनो सोय।।
शारद गणनायक सिद्धि कंद। गुरुके पादांबुज पुनर्वंद।।४।।

दशरथ उवाच :- -: छंद-प्र० :-

नमो नमो कृष्णरूप नीलवर्ण जानिये।
नमो नमो श्यामरूप नीलकंठ ठानिये।
नमो नमो पुरुष गात्र स्थूल राम सानिये।।१।।
नमो नमो नीलमणि नीलकंज मानिये।
नमो नमो क्षुधा पीड नित्य तृप्त तानिये।
नमो नमो कालरूप अग्निसम भानिये।।२।।
नमो नमो घोरूप भीषणं पचानिये।
नमो नमो रौद्ररूप काल भी मिटानिये।
नमो नमो करालरूप सर्व भक्ष्य खानिये।।३।।
नमो नमो वक्रतुंड सूर्यजं पछानिये।
नमो नमो काश्यपाय मंदचार गानिये।
नमो नमो दग्ध देह तापसी विकानिये।।४।।
नमो नमो ज्ञान नेत्र योग रक्त लांनिये।
नमो नमो क्रूररूप शुद्ध बुद्धि धानिये।
नमो नमो तैल लिप्त छाय सूप्र आनिये।
भणै कवी रामतेज प्रणती कहानिये।।५।।

-: दोहा :-

तुमरी महिमा है बड़ी, वर्णन कूं प्रभुकूंन।
शरणागत प्रतिपाल कर, हूं बैठ्यो धर मूंन।।१।।
राव रंक तुम करत हो, जंगल देश वसाय।
भस्म करो दृग वह्निते, सुरग पताल रसाल।।२।।

-: चौपाई :-

तुष्ट होय राजा कर देइ। रुष्ट होय पाछो हरलेइ।।
दृष्टि पड़ा तुमरी सब कंपै। सुर नर नाग शेषफण चंपै।।१।।
देश ग्राम नगरी द्रुम दीपा। भस्म होय रहता नहिं छीपा।।
स्थान भ्रष्ट होंगे जे राजा। जिन सबकी तुम राखी लाजा।।२।।
नल राजाको राज जमायो। हरिश्चंद्रको बिडद बध्यायो।।
पंचम नल सुत त्रिया वियोगा। साढसती हर चंदको रोगा।।३।।

अब पीछे करियो मत पीडा। दूर करो दुनियाँ दुख कीडा।।
या स्तोतर कूं पढै पढावै। ते शनि दुःख कदे नहिं पावै।।४।।

-: छप्पय :-

भस्मासुर इक दैत्य भेद नारदसे लेवै।
ब्रह्मा विष्णु महेश तुरत वरकूं नहि देवै।।
बाणासुर दशशीश जोग पडगो है टेवै।
तुष्ट रुष्ट छिन मांय जान सब शिवने सेवै।।
शकुनी पूत कपूत है जिन जिनके शिरकर धरूं।
तुरत भस्म हो ज्याय सुहियोहिवर हर मैं बरूं।।१।।
एवमस्तु शिव कह्यो गौरि हरणैके कारण।
चल्यो शीशपर हाथ धरण शंकरकूं मारण।।
डरपत भागे नाथ भक्तके कारज सारण।
अघ पापनि खा ज्याय चले हरि विपति विडारण।।
विप्र देव निन्दा करत खोटे दिनकी बात है।
शिवजीसे विलषत फिरे, ग्रह विन होतन घात है।।२।।

पंडिता ऊचुः :-

ग्रहहि करावै कर्म कर्म नहिं होता आवै।
वन वन भटक्यो राम विपतगेरी है जापै।।
दशरथ जूको मरण हरण सीता सी राणी।
रावणकी भई राख लंकजर धूलरधानी।।
मार्ग सनातन मेटता, कदे न होवैगा भलो।
पंडित रामप्रताप कह ऊजाड जानत मत चलो।।१।।

इति शेखावाट्यन्तर्गत सहर फतेपुरबासी हरितवाल गौडब्राह्मणब्राजलालीय
पंडित रामप्रताप विरचितायां शनिकथायां तृतीयोऽध्यायः।।३।।

*****

पंडिता ऊचुः :-

अष्टम शनी सुदासकूं, दीनां बहुता दुःख।
फिर सुदृष्टि राजा बन्यो, लह्यो घणेरो सुख।।१।।

-: चौपाई :-

श्रीभागवत पुराण कथाहि। नारदीय में लिखी यथाहि।।
एक समय बन गयो सुदासा। मृग मारनकी बड़ी हुलासा।।१।।
फिरत फिरत वन लगी पियासा। रेवा जलपी कियो निवासा।।
प्रात समय देखा मृग काला। पुनि शिकार खेलनको चाला।।२।।

केइ अवसर केइ संगपाला। बहुत उलंघे नदी र नाला ।।
मृग मारग तज अचरज पेख्यो। व्याघ्र युग्म गिरिकंदर देख्यो ।।३।।
सुरत करंत व्याघ्रको जोडो। मास्यो बाण दुडाकर घोड़ो ।।
व्याघ्री हता बाघ डर भाग्यो। राक्षस रूप दीखने लाग्यो ।।४।।
प्रतिक्रिया करनेकूं पाछो। वन्यो भूप घर निशिचर आछो ।।
राजा अपने पुरमें आकर। अश्वमेध आरंभ्यो न्हाकर ।।५।।
यज्ञ समाप्त न्हान गुरु गइयो। राक्षस रूप वशिष्ठहि भइयो ।।
मांस ल्याव भोजनकी वेला। ढील न करी हमारे चेला ।।६।।
स्नान ध्यान कर गुरुजी आया। चरण धोय जीमण बैठाया ।।
पलट रूप करता है बातल। शूद्र मांस पुरस्यो नर पातल ।।७।।
राजा गुरुका वचन कबूल्या। मांस भषोन्यूं कहता भूल्या ।।
देख अभक्ष्य कोप गुरु भाषी। यो भोजन चेला तुहि चाषी ।।८।।
नरको मांस दियो तैजक्षस। तिहिं कारण हो ज्याई राक्षस ।।
राक्षसकी लख लई उपादी। बारा वरसकी कीनी म्यादी ।।९।।
सुन सुदास मन मांही रूठो। गुरुकूं शाप देनकूं पूठो ।।
बिन अपराध सतायो मोकूं। राक्षसही कर देस्यूं तोकूं ।।१०।।
मंत्रोजल वरज्यो जब रानी। अपने चरण मारियो पानी ।।
जीव जंतु देखतही सारै। जांण पस्यां किसने कुण मारै ।।११।।
काला पांव ताहितै भइयो। राक्षस रूप भूप वन रइयो ।।
भूखां मरतो फिरतो ताहि। दंपति विप्र देख वन मांहि ।।१२।।
पकर लियो ब्राह्मणनै निशिचर। हा हा करत ब्राह्मणी रिसकर ।।
पतिव्रता हूं मो पति दीजे। गो ब्राह्मण वध कबू न कीजे ।।१३।।
पुत्र हेत दीजे पति राजन्। तुम सुदास मत करी अकाजन ।।
धर्म तेज तै मोकूं दीख्या। मदयन्ती पती मांनो सीख्या ।।१४।।
राक्षस जूंण समझ नहिं काइ। क्षुधित होय ब्राह्मणने खाई ।।
हा हा करत कामिनी रोइ। मै अनाथ वनमें नहिं कोइ ।।१५।।
काम दुःख ज्यूं तो तन जरसी। तिरिया संग किया तू मरसी ।।
दे शराब पतिके संग जरगी। संतति हीन राजनै करगी ।।१६।।
बारा बरष भ्रमत वनवीते। दुख भुगत्या कर मनसै कीते ।।
गर्ग दरश गंगाजल छूयो। राक्षस तुल्य तज भूपति हूयो ।।१७।।
उदासीन हुय बैठ्यो घरपै। संग न करै मौतसे डरपै ।।
गुरु वसिष्ठजी वंश चलायो। मदयंती सुत अश्म कहायो ।।१८।।
शनी देव यूं पीडा दीनी। पीछी बिगड़ी सुधार लीनी ।।
तुम विक्रम पूजो शनि देवा। प्रेम नेम से नितकर सेवा ।।१९।।

हरिश्चंद्रको राज्य बिगाऱ्यो। साडसती फिर काम सुधाऱ्यो ।।
सतवादी सत नाहीं हाऱ्यो। कर्म लिख्यो टऱ्यो नहिं टाऱ्यो ।।२०।।

-: छन्द-छप्पय :-

शनी तणो परभाव सुनत डरपै जग सारो।
चौथो अष्टम बुरो साढसति काम बिगारो।।
ध्यान धऱ्यां दुख नाहि देखल्यो कियो सुधारो।
फल देने मैं जूद कोड बिध टरै न टारो।।
अष्टम शनी प्रभावसों सौदासो निशिचर भयो।
पुनि सुदृष्टि परभावते अवधपुरी राजा थयो।।१।।

इति शेखावाट्यन्तर्गत सहर फतेपुरबासी हरितवाल गौडब्राह्मणब्राजलालीय
पंडित रामप्रताप विरचितायां शनिकथायां चतुर्थोऽध्यायः ।।४।।

*****

-: सोरठा :-

हरिश्चंद्रकी सब कथा, मार्कंडेय पुराणमें।
वेदव्यास भाषी यथा, विस्तर भय लिखता नहीं ।।१।।
आदू चलै विरोध, विश्वामित्र वसिष्ठको।
विरला पावै सोध, जिहि कारण छल बल कियो ।।२।।

-: चौपाई :-

राजा हरचंद हो सतवादी। अवधपुरी उसकी है गादी ।।
राजसूय जिन यज्ञहि कीनो। पुण्य हेत सर्वसु उन दीनो ।।१।।
लोक चतुर्दशमें यश वाको। निजप्रति तेज बढत है जाको ।।२।।
देख न सक्यो भूपकी भलकी। विश्वामित्र विचारी छलकी ।।
सुंदर बाग सदा फल जामें। बागवान रहता है तामें ।।३।।
विश्वामित्र शूर वन आता। वृक्ष विनाश करत फल खाता ।।
रखवारेने दई रपोटा। शूकर हील गयो इक खोटा ।।४।।
सुनकर नृप मनमें दुख पायो। चतुरंगी सेना ले ध्यायो ।।
वोही किली बागमें आयो। चौतरफी जा घेर लगायो ।।५।।
राजा कही जान नहिं पावै। नित नित नूतन यो फल खावै ।।
सब नेही अहडा ललकारूं। जिस आगे जाय तिसने मारूं ।।६।।
झट वराह भूपति पर आवै। औरनको क्यों वृथा मरावै ।।
निकसी गयो नरपति आगे कर। नहीं शस्त्र लाग्यो तन वनचर ।।७।।
राजा अश्व दियो है लारी। खिंड भिंड होगी असवारी ।।
हो अदर्श मुनि अचरज कारी। बन्यो विप्र सँग सुता कुंवारी ।।८।।

भूपति भूख लगी तिस भारी। व्याकुल पहुँचो नदी ढिगारी ।।
जल पीयो लीनो विश्रामा। शीश धुनाय कहत हा रामा ।।९।।
निकट जाय ब्राह्मणसों भाषै। तुम ईश्वर हमरी पति राखै ।।
बढी हुई या कन्या मेरी। व्याहकरनकी कछु न देरी ।।१०।।
धर्मरीत कन्या परणावै। ब्रह्मलोक की पदवी पावै ।।
तुम करसे कन्या परणीजै। कुल सारूदा पदवी दीजै ।।
दे जल कर संकल्प करायो। राजा फिर अपने घर आयो ।।११।।
विप्र कहै धन देवो राजा। ज्यों वन आवै मंगल काजा ।।
राजा कहै कितो धन चावै। भूषण वसन कहा मनभावै ।।
साठ भारको नाम सुनावै। बहुत अन कथी बात बनावै ।।१२।।
सुन नरेश मनमें घबरावै। धन बिन कछू नहीं वन आवै ।।
हाथ जोड द्विज शीश नवाऊं। खुशी रहो सब कमा बनाऊं ।।
रानी सुत संग लेकर आऊं। चलो कहां जाहीं धन पाऊं ।।१३।।
ले मुनि चले करण कूं विकरी। दुनियांमें माच्यो है जिकरी ।।
सूर्य चंद्रकूं दरश दुहेलो। सो पृथिवीपति होगो गेलो ।।१४।।
कोउ कहै ए करता खेलो। यह विध मा चरयो है हेलो ।।
कव भूखी कबहूं रही प्यासी। रानीके दिल बड़ी उदासी ।।१५।।
चलत थकत मगतनकूं तासी। जा पहुँचे है नगरी काशी ।।
देखन कूं दुनियां सब आई। धूम धाम बहुत दरशाई ।।१६।।
काके ए दोउ लोग लुगाई। देख देख परजा मुसीकाई ।।
हुई दुर्दशा कही न जाई। बेचन घर घर दांतहिराई ।।१७।।
धन यौवनका गरब न करणा। आखर इक दिन सबको मरणा ।।
ब्राह्मण धनी किया है ठेका। इकराणी सुत संगहि एका ।।१८।।
कंचन दियो भार चालीसा। ले गो विप्र न कीनी रीसा ।।
कंचनभार मिल्यो है बीसा। दास नो चको भयो अधीसा ।।१९।।
जात पांतका झूठा कीशा। वोड़ बड़ो जाकै कर पीसा ।।
दुख पायो ऋण रख्यो न माथै। निशि श्मशान कोई नहि साथै ।।२०।।
देणो कर कोई नट जावै। नरक दुःख वाकूं भुगतावै ।।
संकल्पित धन रखो न कोई। पर्वकालमें दूणो होई ।।२१।।
दान दियो रखणो नहिं माथो। बधत बधत बंध जावै भाथो ।।
लेकर दान गयो ऋषि आगे। ज्ञान ध्यान तप घट गयो सागे ।।२२।।
प्रति ग्रहै हाता दुखदाई। धर्मशास्त्रमें ऐसी गाई ।।
तुरत दानको महा पुण्यरी। दान विना धन जान शून्यरी ।।२३।।

-: दोहा :-

नीच घरां पानी भरै, हरिचंदसे नरराय।
दासी रानी विप्रकी, प्रभुगति लखी न जाय।।१।।

-: सोरठा :-

एचेटक शनिदेव, साढसातीमें रचदिया।
मूरख लखै न भेव, सूखवदन तन पिंजरा।।२।।
ले ज्वावै भूदेव, चणो चवीणो याचकर।
स्वामी तणी जुसेव, तन मन स्यूं करता रहै।।३।।

-: दोहा :-

धन दीनो सतना डिग्यो, नितकी राखी ख्यार।
सुख दुख भुगत्यी हासरे, हरचंद हरसे प्यार।।४।।
मुराथलीचां डालकै, रही इजारू थाय।
पांच रूपया कापडा, लेकर दाह कराय।।५।।

-: छंद-हाकल :-

इकदिन रानी भूलीहारी, करती स्नान मंगलचार।।
झटपट चढी चील आकास, तारातुल्य मानुष प्रकाश।।१।।
जिसकी नाहीं काहु जास, चेतर सोच चित्त उदास।।
कीनो नगर मांही शोर, कोउ हार लेगो चोर।।२।।
ठाढे गली गलीमें दूत, लेकर कहां जासी पूत।।
राजा त्रास दीनी धनी, डरपै सबी कैसी बनी।।३।।
तारा गयी गंगास्नान, लखता नहीं मर्म अजान।।
देखत मांस समतागीध, चाल्यो चीलहूकी सीध।।४।।
दीनी झपट छूड्यो हार, गिरीयो जाह्नवी मँजधार।।
बहतो देख जल गहर्‍यो. ताराकंठमें पहर्‍यो।।५।।
जल भर कलश आती घरे, हेरा फिरत देखी परे।।
ले गये पकर जोराजोर, कोऊ नहीं उसकी ओर।।६।।
खोस्यो हार हुकुम हजूर, धडसे शीश करद्यो दूर।।
मारन चाहता नहिं कोय, देखत तेज अलघा होय।।७।।
काहू कही बात अजांण, सेवै पुरुष एक मसाण।।
सोयो करै काम कल्याण, ल्याये घेर नृपकै ठांण।।८।।
मैं नहिं करूं ऐसा काम, देस्यूं व्याज सूदादाम।।
लीना चार दिन विश्राम, शिरपर रखो क्यूं नीराम।।९।।
ऐसा कह्या वचन अनूप, सुनकर तखत रहगो भूप।।
है कोइ एह उत्तम जात, ऐसे करत दुनियां बात।।१०।।

कहकर इती घर आयो, भूपति बहुत पछतायो।।
सप्तम बरस उतरायो, अचानक सर्प सुतखायो।।११।।
कोनहिं पासमें आवै, देखत दूर भग ज्यावै।।
मानहि मातको जायो, बतायो देश दुसरायो।।१२।।
तारा बहुत बिखलाती, रोवत कुंड कुरलाती।।
अकेली मारकै गाती, चली शमशान हूं राती।।१३।।
करने दाहकूं लागी, पिछानी कंथने सागी।।
कर बिन जलन देउ नाय, सुरफर करे माउमाय।।१४।।
नहीं धन पास बरतनकूं, नहीं कछु दाम खर्चनकूं।।
आखर पुत्र है तेरा, वचन तू मानले मेरा।।१५।।
रानी कर रही विनती, राजा करत नहिं गिनती।।
सुन सुन उनांकी बतियां, फटने लग गई छतियां।।१६।।
रखूं जे मोहका नाता, हमारा धर्म घट जाता।।
पराया काम है ओखा, सुतका कुछ नहीं धोखा।।
हरीकी इसीही मरजी, परै होनी त्रियावरजी।।१७।।
अंचरो लियो आप उतार, इतनै हुयो जै जै कार।।
दुखकी रात कल्प समान, लाजकूं रख लई भगवान।।१८।।
आए ब्रह्म शंकर हरी, पीडा दुःख दूर करी।।
जीयो मोत टाल अकाल, मिटगा सबी आल जंजाल।।१९।।
दईं सुख संपदा पुष्कल, कछू नहिं रखी है मुश्कल।।
खुशीसे कर्ज मिटवायो, रख्यो नहिं रती भर दावो।।२०।।
भुगती धर्मकै हितकाठ, सोनो दियो भारहि साठ।।
तोल्यो कोडी धनकी हाट, आनंद हो गया है ठाट।।२१।।
त्रिया सुत संगजू लीना, अयोध्या गमन फिर कीना।।
गावत गीत अप्सर नार, सुर संगीत बहुत सुप्यार।।२२।।
चारण सिद्ध स्तुति करै, किन्नर यक्ष पायां परै।।
ऋषि मुनि भणत है गुण जोय, इसका भूप थोडा होय।।२३।।
घर घर खूब रंगलाग्या, सूत्या भाग अब जाग्या।।
आनंद हिये नाहिं सभात, हरचंदकी रसीली बात।।२४।।
हरचंदकी कथा यूं कही, मानू गुणी सबही सही।।
सुनता पाप कट ज्यावै, वांछित कामना पावै।।२५।।

**-: छन्द-छप्पय :-**

पाप वधै दिन चार अंतमहि होवत फीको।
करत दुष्ट उन्माद लेत स्याहीको टीको।।

बिगड न पावै कोय धर्म फल आखरनीको।
काशिवास सतसंग दया भलपण है जीको।।
जन्मसणो फल एह है, दुखमें मत घबराव नर।
हरि कीर्त्तन हरिकथा, सुन सुन कालवदीत कर।।१।।

इति शेखावाट्यन्तर्गत सहर फतेपुरबासी हरितवाल गौडब्राह्मणब्राजलालीय पंडित रामप्रताप विरचितायां शनिकथायां पञ्चमोऽध्यायः।।५।।

*****

-: दोहा :-

विक्रम पूछै नल कथा, किह विध पड्यो वियोग।
दमयंती नलराजको, किणतक पुनि संयोग।।१।।

-: सोरठा :-

बिकसरह्यो मुखचंद, घणीलालसा लगरही।
कालिदासका छंद, सावधान होकर सुनो।।२।।
भारतमें विस्तार, नल राजाकी है कथा।
हो ज्यावै निस्तार, पाप मिटै संकट कटै।।३।।

विक्रम वाक्य :- -: चौपाई :-

किण विध नलको राज गमायो। किण विध पूठो ठाट जमायो।।
एह कथा हम सुन सुन जीवा। तुम मुखचंद अमीरस पीवा।।१।।

पंडित कालिदास वाक्य :-

सुणियो और एक इतिहासा। नलराजाकी महिमा खासा।।
निषध देशको है राजा नल। तेजवंत मणि शीश महाबल।।२।।
भीमराज पुत्री दमयंती। त्रिया नहीं दूजी प्रदि संती।।
दमयंती पालन गुण गावै। नलपै उहि तारीफ सुणावै।।३।।
सुन सुन उपज्यो प्रेम परस्पर। कब निरखूंगी वरका लसकर।।
एक दिना नल पल पकऱ्यो हंसा। मत मारो हम करै प्रशंसा।।४।।
दमयंती से मेल मिलावै। समाचार पीछो भगतावै।।
देख तमाशा अबही जावै। तुरत व्याहकी बात जचावै।।५।।
उड हंसा कुनणां पर आये। दमयंती की नजर पराये।।
पकरनकूं दासी गण धाए। प्रमदा वनमें सेठ लगाए।।६।।
बोलै हंस मनुषकी भाषा। नलका गुण गाया है खासा।।
ब्याह करो वेगी तुरताई। भर यौवनकी है रुसनाई।।७।।
जन्म सफल होवेगा तेरा। नलसा पुरुष चंदसां चेरा।।
गुणवंती नै मिलज्या गूणी। तबही सोभा सजती दूणी।।८।।

चातुर मूढ मिलेसै पूणी। यूं भाषत है सुबुधी सूंणी ।।
दीखत जगमां ही थोडी। कर्मयोग मिलती है जोडी ।।
सुन दमयंती मना विचारी। मैं तो होस्यूं नलकी नारी ।।९।।
किस्मत में लिखदी करतारी। नल राजा मेरा भरतारी ।।
हंसआय नलने कहदीनी। दमयंती कन्यारंग भीनी ।।१०।।

-: कवित्त :-

भई विकल वनमें विरह उठी तनमें चपला ज्यूं घनमें चिमकत चिमकाती है।
देखत सकी कानी भई क्या अयानी पिवत नाहिं पानी फूल फलहु न खाती है ।।
रानीसे जाय कहि दमयंती रूस रही विवाहनकी करो सही लिख लिखके पाती है।
तुरत उठ ध्याई कछु विलंब ना लगाई सैनन समझाई सोड़ नरपति पास आती है ।।१
बात लख सारी भूपसे गुदारी चंदसी उजारी विचारी क्यूं न बाती है।
भडक उठीवाई धान नाहिं खाई छिन छिन अकुलाई कछुना सुहाती है ।।
राजनकूं बुलावो स्वयंवर रचावो सुताजू परणावो सखियां कहलाती है।
जोबनको जोर तोर चितवन चित लियो चोर करियो मत सोर भोर वरवरण चाती है ।।२

-: दोहा :-

भूप बुलाए देशका, रचो स्वयंवर राज।
त्यारी करी विवाहकी, दमयंतीके काज ।।१।।

-: सोरठा :-

अपने कुलकी लाज, रंगभूमि वैठन करी।
सजदीनां सब साज, आयानै आदर घणा ।।२।।

-: सोरठा :-

भेद सुतको नृप लख पायो। इच्छा वर कन्या ठहरायो ।।
देश देशका भूप बुलाये। सुन सोभा इंद्रादिक आये ।।१।।
दमयंती व्याहनका चेटा। नल सेती मिलगी है सेटा ।।
रूप तेज गुण करते खेटा। राज अभूषण जरी लपेटा ।।२।।
मारगमें नलसे ठहराई। दूत हमारा तुम हो जाई ।।
दमयंती कूं कहो सुणाइ। जांचत तोय लखै नहि काइ ।।३।।
वही काम तेरे चित चाइ। कहकर हमैं नटो मत भाइ ।।
तुरत जाय नल पोच्यो महला। भांत भांतकी देखी सहला ।।४।।
दमयंती पूछत है ऐसे। त्रिया महल तू आयो कैसे ।।
कौन नाम तू है नर कैसा। हमसे मनमें बड़ा अनेसा ।।५।।
नल अपना जो नाम बताया। देवनकी किरपा से आया ।।
आपस में दोनूं बतलाया। सहज कामवन गा चितचाया ।।६।।

इंद्रादिक आए हैं प्यारी। तुम उनके घर लायकी नारी ।।
कही हकीकत सांची सारी। मस्त हुई है राजकुमारी ।।७।।
भल हाहीं इंद्रादिक आवो। हमरो तुमसे वणसी सावो ।।
ज्यूं आया ज्यूं यूठा जावो। तुम निसंक यूं जाय सुनावो ।।८।।
मत मनमें राखो पछतावो। निरभै गोविंदका गुण गावो ।।
ऐसी जुगत बनाऊंगी मैं। तुमहीसे चित लाऊँगी मैं ।।९।।
सांची आय कही देवनकूं। परम प्रीति प्यारी सेवनकूं ।।
मन इच्छा मेरी लेवनकी। कहो कौन मरजी देवनकी ।।१०।।
चलो स्वयंवर देखी जासी। सांच झूठकी करां तपासी ।।
रच्या रंग सब बैठे भूपा। एक एकसे अधिक स्वरूपा ।।११।।
इंद्र वह्नि समवर्त्ती वरुणा। नलसो रूप धर्‍यो कर करुणा ।।
रंग मांय दमयंती आवै। देखत भूप देव मुरझावै ।।१२।।

-: कवित्त :-

दामिनि दमकत ज्यूं चिमकातरयो गोरोगात, सखियनके झूले साथ आवत सुकुमारी है।
शीलगुण सवाई रूपराशी चलधाई सब, सभा मुरझाई कामना करारी है ।।
इंद्राणी ब्रह्माणी वरुणानी गंधर्वानी न सिद्धाणी अपसर उणियारी है।
मनमें हरषात सबी मंद मंद करत बात, वरमाला लियां हाथ कोन कलाधारी है ।।१।।

-: दोहा :-

दमयंती धोखो करे, पांचरूप इकसार।
नलराजा इन माहिं जो, सो मेरो भर्तार ।।१।।
सत छोड्यां पत जात है, कहा करूं करतार।
देवनकी स्तुति भणू, खेवो करियो पार ।।२।।
तुम मोटे हो देवता, मती विगारो धर्म।
बदनामी आछी नहीं, लाज रखोनी सर्म ।।३।।
नल राज सूचन करो, मेटो मनका भर्म।
हूं शरणै तुमके थई, करजो उत्तम कर्म ।।४।।

-: चौपाई :-

सतो धर्म राखो प्रभु मोरा। हों अधीन बहु करत निहोरा ।।
दमयंती नल नाहि पचानै। एक रूप पांच हि इक ठानै ।।
स्तुति करी सांचै दिलसेती। रूप दिखायो देव पछेती ।।१।।
वर दीना इंद्रादिक आठ हि। सब बातनका हो गया ठाठ हि ।।
व्यंजन रस यमराजहि देवै। जल अगनी आपहि कर लेवै ।।२।।
शक्र गती दरशन जग्यामैं। दमयंती पडती पग्यामैं ।।
जय जय धुनी लगी चोसारी। साधु साधु लीजे बलिहारी ।।३।।

मेरो मन नल माहिं वसंता। एवमस्तु कह दई हसंता।।
नलके गलपर माला डारी। धन्य धन्य करते नर नारी।।४।।
दमयंती व्याही नल राजा। मंगलीक बाजत सब बाजा।।
इणविध हुई व्याहकी लीला। वेदव्यासकी चाल्यो चीला।।५।।

### -: कुंडलिया :-

पुण्य श्लोकहि च्यार हैं, नलराजा अरुराम।
जनकसुता जु युधिष्ठिरा, नाशत दुरित तमाम।।
नाशत दुरित तमाम, पुण्यका है एथोका।
दिन दिन दूणा होय, घटत नहिं गठरी रोका।।
नाम समान न कोय, तिरणी जाणो नोका।
गावत वेद पुराण, चार हैं पुण्य श्लोका।।१।।

इति शेखावाट्यन्तर्गत सहर फतेपुरवासी हरितवाल गौडब्राह्मणब्राजलालीय पंडित रामप्रताप विरचितायां शनिकथायां षष्ठोऽध्यायः।।६।।

*****

### -: दोहा :-

दमयंतीके व्याहकी, कही कथा संक्षेप।
पापी कलियुग लारलग, करता है विक्षेप।।१।।

### -: चौपाई :-

भूप गये अपने अपने घर। देव विमान वैठकर चलधर।।
द्वापर संग कली मघ भेटो। सुन या बात उपायो खेटो।।१।।
देवनको पद राख्यो हेठो। रानी व्याह हुयो है जेठो।।
देवनको नल है अपराधी। द्वापर तूं हमरी पषसाधी।।२।।
ता दिनसे कलि लाग्यो लारी। दाव पड्यासे करूं खुवारी।।
बारा बरस वदीतहि होया। मूत्र कियो कर पद नहिं धोया।।३।।
संध्या करत नींदमें सोया। कलियुग बीज पापका बोया।।
कलि प्रवेश इण रीत बतावै। नलकूं नाटक बहुत नचावै।।४।।
पासामें वड बैठ्यो द्वापर। कलि जूवो रच दीनो जाकर।।
राज करता था बहु राजी। दशा आय शनिजीकी लागी।।५।।
चोपडमें लग बैठ्यो बाजी। राज खोय होगो है पाजी।।
पुष्कर ले संपत सब साजी। नल सोचत कहा करूं इलाजी।।६।।
नांवल वेग डाकिए कूवा। भूल चूक कक्षर मण नहिं जूवा।।
बिगडी बात सुनी है नलकी। कलियुग काम किया है छलकी।।७।।
बार्ष्णेय नलकै घर सरीथ। पोंच्यो है करणे परमारथ।।
इंद्रसेन दोय बेटा बेटी। नानैकै घर गयो लपेटी।।८।।

रथ घोडा ह्यांही समलाया। आप नोकरी करणी चाया ।।
ऋतुपर्ण घर अयोध्या रहता। नलराजासे मिलनो चहता ।।९।।
पुष्कर लगै कवीलै भाई। ग्राम पती छो गादी पाई ।।
भूषण वसन लिया उतराई। नलराजासें करी बुराई ।।१०।।
राज छीन कीनो है बाहर। भई देशमें सगलै जाहर ।।
रख्या तीन दिन कांकड डेरा। कामदार आया नहिं नेरा ।।११।।
दुनियां है मतलब की गरजी। स्वारथ बिन कोई नहिं सरजी ।।
जल पीयो त्रिदिन उपवासी। पड्यो धरणि पै मारत सासी ।।१२।।
एक एक वस्तर ले दोऊ। चले गये तिथ बूझि न कोऊ ।।
सोच करैं दोनूं नर नारी। भूख प्यासकी लगरहि घारी ।।१३।।
कंद मूल फल मिल्यो न कीतर। दृष्टि पड्यो सोनैका तीतर ।।
भूख भगैगी तीतर खायां। दुःख मिटै कंचन धन पायां ।।१४।।
पकरन कूं जो कपडा डाऱ्या। लेकर उड्या रामका माऱ्या ।।
भूंद्या तीतर जो कहलाता। वैसारी मूरखकी बाता ।।१५।।

-: छंद-हाक्ल :-

तनपर नांय कपडा देख, विधिना लिख्या एही लेख ।।
रूठडां राम नहिं कोऊ, दमादम रं गया दोऊ ।।१।।
चहूँ दिश दृगनसे जोऊं, गयो धन याद कर रोऊं ।।
कर्मका काम है बंका, भूपती कर दिया है रंका ।।२।।
विलपत तेज तन खोता, पुकारें कछु नहीं होता ।।
मूढ मन धीर नहिं धरता, करणैहार है करता ।।३।।
प्रियाकूं सैन समझाता, ए रस्ता कुनण पर जाता ।।
रानी लखी तजसी मोय, ऐसी नहीं चैए तोय ।।४।।
चलना बाप घर मेरे, रती नहिं दुःख फिर तेरे ।।
नहीं घर सुसरका मोसर, बिना गज बाजि सजनोसर ।।५।।

-: दोहा :-

बिलखत देखरकंथनू, त्रिया बंधावै धीर ।।
हूं अर्धंग्या रावरी, ओढ्यो आधो चीर ।।१।।
रेसमको फाटै नहीं, दोनूं लपटे साथ ।।
निर्जन बन भय सिंहको, सघन गाछ गहहाथ ।।२।।
पंथ बतावै परिको, मीठी बात चलाय ।।
प्यारी पूछन भेदनूं, बातनमें पतराय ।।३।।
तिरिया भोरी दुःख घणा, किण बिध द्यूंस विहाय ।।
कहणीथी सो कहदई, सैनामें समझाय ।।४।।

नृप सूत्यां रानी जगै, छतियां धडको खाय ।।
जीव दव्यो नहिं रातनै, तिरिया तणै सुभाय ।।५।।
रानी सूती नृप जगै, कीनो मनमें ज्ञान ।।
नारीको निभणूं कठिन, दुख बहुते उद्यान ।।६।।
फिरत निहारै कुंजमें, कोश बिना तरवार ।।
अरध वसनकूं चीरके, आप हो गयो पार ।।७।।
रानी जागी नल विना, हा हा करत अचेत ।।
कौन चकमों मैं परी, प्राणपियारी देत ।।८।।
कहां न मंदरमालिया, नगर गांव कहँ खेत ।।
छोड़ी विषम उजारमें, भलो निबाह्यो हेत ।।९।।
अबला भटकत एकली, हिरण व्याध रखवार ।।
भषत भुजंग विना शकै, हुयो आप लगवार ।।१०।।
फलदीना विश्वासकर, पूछन लाग्यो बात ।।
दमयंतीपति देवता, पाप तुरत लखजात ।।११।।
नलसे दूजे पुरुषपर, मन चित नाहिं धरन्त ।।
वागवज्र इन शाप ते, पापी वेग भरंत ।।१२।।
मार व्याधको फिरत ही, देखा दुःख अनन्त ।।
मिलसी पतिसे तापसा, अन्तर्ध्यान कहंत ।।१३।।
चेदि राज सुत बाहुकै, देश सार्थ इक जात ।।
द्रव्य हेत तिरता नदी, भैमी मिली सँगात ।।१४।।
सौगंधिक सुत डाकजू नाम सर्वतोभद्र ।।
पश्चिम तट वासोथयो, मची रात नैगद्र ।।१५।।
सूत्याँ सोबत रातमध्वा, बन गज पहुंचे आय ।।
हस्ती सारथ वाहके, मिलकर रोल मचाय ।।१६।।
छिन्न भिन्न सागो कियो, जादूगारी नार ।।
निकटको नहिं आनदे, मारै लोष्ट प्रहार ।।१७।।
यक्ष पिशाची राक्षसी, है डाकण यह नार ।।
रानी ये दुख देखती, जीवनको धिक्कार ।।१८।।
राज्यदूती सतीकृति, पति सुत सुता वियोग ।।
कहँ पीहर घर मातको, जिया धरै नहिं ठोग ।।१९।।
ना हंसती मर्दन करी, हूं पापण निर्भाग ।।
विनाकाल मृत्यु नहीं, आप हि आई जाग ।।२०।।
ब्राह्मण जे हत शेष थे, तिन संग पहुँची देश ।।
बालक पीछे लग रहे, देख कुतूहल भेष ।।२१।।

राजमात महला चढी, पेखत धाय पठाय।।
दुखियारी शरणार्थिनी, मेरे महला ल्याय।।२२।।
बालक हटगे ले गई, धाय आपने संग।।
हिमलासे दे बअठणो, पूछत बात उमंग।।२३।।
कौण तुही बोली सही, हूं सैरध्री जात।।
मो समीप सुखसे रहौ, कह्यो राजकी मात।।२४।।
जूठो भोजन ना भखूं, पग धोनूं नहिं कोय।।
नर संभाषण ना करूं, करै सुदंडी होय।।२५।।
रही सुनंदा पासमें, मोस्या ही सुत जाण।।
ब्राह्मण नाम सुदेवजू, आयर करी पिछाण।।२६।।

-: सोरठा :-

कियो मांवसीहेज, सुता जान कर भैंणकी।।
दियो घनेरो देज, भली युगत पितृघर गई।।१।।
वहता विषम उजार, नल देख्यो वनदाझतो।।
सुन्यो शब्द निरधार, नल परि धावसु पुण्ययश।।२।।
देख्यो कुंडलि नाग. नाग माभैंर्नल जा अगिनिमें।।
हाथ जोड पग लाग, कर्कोटक मोय जानिये।।३।।
नारद तणो शराप, परलंभन हमने कियो।।
स्थावर होय दराफ, यावत् नल आवे नहीं।।४।।
नृप तोकूं ले ज्याय, तबहीं छूटै शापस्यूं।।
जीवदान देच्याय, गुण भूलूं नहिं हो सखा।।५।।

-: दोहा :-

नल छूयां छोटो हुयो, चढ अकाशवो लेह।।
गिणकर चालो पग किती, श्रेय करूं ज्यूं तेह।।१।।
गिणतां देशमें पैडमें, डस्यो नाग विपरीत।।
रूप पलटगौ तासमैं, वैरी विष भयभीत।।२।।
ज्वालाते जलतो रहै, विकृत कऱ्यो इन काज।।
भोग विषो थोरे दिना, शुभ होसी महाराज।।३।।
वस्त्र दियो निज रूपकूं, बाहुक नाम धराय।।
दशमैं दिन ऋतुपर्ण, वाहन काम कराय।।४।।
नलराजा बाहुक बन्यो, नाग हुवो परधान।।
रहता है घुड़शालमें, बडी भूपकै मान।।५।।
वाला विलखत बापगृह, दियो मात मिल भेज।।
ब्राह्मणकूं नल सोधनै, कछू न किनी जेज।।६।।

अर्धवस्त्र छेदन कियो, गयो कि तब तज वाम।।
इसको उत्तर कां मिलै, खोजो मुलुक तमाम।।७।।
देश मुलुक सब हेरिया, कितै न पाई जास।।
घिर आये पीछा सबी, ब्राह्मण होय उदास।।८।।
ऋतुपर्णपा जायकै, कही बात परणाद।।
बाहुक नामा सारथी, सुन पाई है लाद।।९।।
बनमें जायरयेकलै, दियो बातको ज्वाब।।
कुलवंती जो कामिनी, सब ऊगण ले दाव।।१०।।
वो अपने वश है नहीं, कर उगण बकसीस।।
दई मिलासी मेलकूं, निश्चय विश्वा वीस।।११।।
एती सुन पर्णाद मुख, मात सुता मिल दोय।।
नल कारण अचरज रच्यो, खबर नहीं है कोय।।१२।।
भेज्यो विप्र सुदेवकूं, पुनर स्वयंवर थाय।।
तडकै पहुँचे राजवी, सोई कंथजथाप।।१३।।
मन राजा ऋतुपर्णए, बाहुक लयो बुलाय।।
धारी मनस्या चलनकी, अपनो रथ जुडवाय।।१४।।
इंद्र सारथी मातली, शालिहोत्र नल राज।।
घोडारी गतिका सुण्या, तीनूंहुस्तमवाज।।१५।।

-: चौपाई :-

दुर्बलसा लयाला है घोडा। दो दो पगसै दीसे खोडा।।
पढकर मंत्र तुरंतहि जोडा। पवन वेग चढते ही दोडा।।१।।
वार्ष्णे यनैवी संग लीनो। मारगमें इक अचरज कीनो।।
पडता पडता वस्त्र बतायो। च्यार कोसपर जाय चितोया।।२।।
चमतकार देख्यो ऋतुपर्णा। अपना वीगुण लाग्यो वर्णा।।
दो शाखाके पत्र बताए। पांच कोड गिणकर दिखलाए।।३।।
सीख लई विद्याकी कूची। अश्व भेद बतलाई यूँची।।
विद्यासे विद्या आती है। गुप्त रख्या यूँही जाती है।।४।।
विद्या बलकलि बाहर आयो। रुंख बहेडै मांय समायो।।
शुद्ध होय कुनणां पर आए। आगे भूप एक नहिं पाये।।५।।
घन घनाट सुनकै दमयंती। हिणहिणाट चपला चिमकंती।।
जाय दिया बागन में डेरा। राजमहलसे अति ही नेरा।।६।।
नहीं भीड भडको राजनको। कियो मान आए साजनको।।
जल अगनी पिन वस्तु पुचाई। मंत्रासे सब सिद्ध बिधलाई।।७।।

कर व्यञ्जन पकवान मिठाई । आप जीम रणवास पठाई ।।
चाख चाख दमयन्ती खाई । नलराजाकी गत लख पाई ।।८।।
पुत्र सुतासे जाय मिलाई । निरखत ही छाती भर आई ।।
उचक लिए गोदी बैठाइ । मुख चुम्बत हि गरे लपटाइ ।।९।।
चोग चोग कर करी पकाई । छल बलकर महलांमें ल्याई ।।
नलमें था सारा गुण वैसा । रूप एक नाहीं है तैसा ।।१०।।
कारण भेद सवी बतलायो । नलराजा निज रूप दिखायो ।।
जितणै नहिं ऊठी थी चादर । तितणै त्रिया न दीनो आदर ।।११।।
क्यों रानी मन में पछतावै । लेख लिख्या सो कौन मिटावै ।।
घर घर मङ्गल बटी बधाई । कर उमङ्ग गारी बहु गाई ।।१२।।
ऋतूपर्ण मनमें सरमायो । विद्या अश्व तणी ले आयो ।।
नलकी गुण गाथा है वोरी । सूचन करी हमीने थोरी ।।१३।।
चौथे वरस मिली पिय प्यारी । शनि प्रसन्न मेटी सम धारी ।।
पञ्चम शनी देत फल खोटो । दुख पीडा विरही धन टो टो ।।१४।।
एक मास कूकड ला गाया । सुख संपत दुख सबी भुलाया ।।
ले लस्कर पुष्कर जा हेऱ्यो । सर्व राज परपासो गेऱ्यो ।।१५।।
नलराजा भोग्या दुख दुष्कर । उहि जीत्यो हाऱ्यो है पुष्कर ।।
गयो राज पूठो नल पायो । भो ब्राह्मण धन खूब खुवायो ।।१६।।
दान यज्ञ कर सुयश बधायो । पुण्य श्लोक नाम यूं पायो ।।
सुण दमयन्ती नल राजा जस । दुश्मन दफै शत्रु होता वस ।।१७।।
ऋतु-पर्ण कर्कोटक नागा । ए चारूं सुकृत का पागा ।।
यह कथा जो सुनै सुनावै । कलियुग दोष निकट नहिं आवै ।।१८।।
धन सन्तान बधै सुख भावै । हो विख्यात इन्द्रपद जावै ।।
नलराजाकी कही सुलीला । पण्डित रामप्रताप रंगीला ।।१९।।

### -: कुण्डलियां :-

ग्रह नव पूजत जगतमें, तिनको वरणू भेव।
क्रूर दृष्टि ध्यावै दुनी, शनी मोटो है देव।।
शनि मोटो है देव, ध्यान धरता सुखदाई।
संकट शत्रु विनाश करणमें कसर न काई।।
वेद नाग व्यय वित्त जन्म पञ्चमकू बूजै।
अपने सुखकै हेत, जगतमें ग्रह नव पूजै।।१।।

### -: छप्पय :-

रवि रावण दितिजेंदु भौम राघव बुध पांडव।
गुरु दुर्योधन शुक्र दैत्य हिरण्याक्ष उषांडव।।

शनि सुदास नल तमो केतु हरचन्द बिगाऱ्यो।
देवादिक दुर्दशा पाय फिर काम सुधाऱ्यो।।
तुष्ट होय जप दान तै ग्रहा राजकूं देत है।
रुष्ट हो अपमान ते तन मन धन हर लेत है।।२।।

विक्रम वाक्य :- –: छप्पय :–
करा किसाणी कार मांग कर मत नां खावो।
ठग फांसी मत रचो दुनीनै क्यूं भरमावो।।
भूल्यां पण्डित फिरो नव ग्रह नाम बतावो।
कर्मयोग सब होय वृथा क्यूं मोय सतावो।।
करणहार इक राम है और देव पूजूं नहीं।
दुख पावत नृप बोलियो पंडित बूजू नहीं।।३।।

पंडिता ऊचुः :- –: छप्पय :–
देह विना कछु नहीं जतनसे करिएरिष्या।
जीवणकी सब आस मांगकर खाते भिष्या।।
ग्रह विन और न कोय मानले हमरी शिष्या।
कर्म नहीं जड करै, करै हमहीं हरि लिष्या।।
सीज्यांतणी पिछांणइम चावल देष्यां एक कण।
ग्रह विनघात न भूपती, पण्डित रामप्रताप भण।।४।।

–: कुण्डलिया :–
एक न मानी साँचकर राजा विक्रम भान।
करे भक्ति भगवानकी, व्यासवचन परमान।।
व्यासवचन परमान औरकी झूठी बानी।
कहकर बैठे थाके साथ पण्डित सुरज्ञानी।।
नमें भूप उदास होंय देखत है कानी।
राजा विक्रमभान सांचकर एक न मानी।।५।।

इति शेखावाट्यन्तर्गत सहर फतेपुरबासी हरितवाल गौडब्राह्मणब्राजलालीय
पंडित रामप्रताप विरचितायां शनिकथायां सप्तमोऽध्यायः।।७।।

*****

–: सोरठा :–
वचन सुना विपरीत, पण्डित अपने घर गया।
विक्रम तणी अनीत, होनहारके कारणे।।१।।
भावी माडी जाण, प्रथम द्वेष भूदेवसे।
बडा न राखी कान, न्याव थपाय करै नहीं।।२।।

-: दोहा :-

जल नहिं छूयो विक्रमा, लघुसंकाकर भूल।
आई खोटी शनिदशा, मरण दुःख संतूल ।।१।।
सूत्यां सूरज उगत है, सूत्या ही छिप जाय।
लूटण पोषण कर रह्यो, पर जामे अन्याय ।।२।।
सन्ध्यादिक कबु विसर ज्या, स्नान शौच वृषमूल।
शनि सुपनेमें आ कही, रही यतन कर शूल ।।३।।
चित्तभरम तब हीं भयो, डोलत है डबकाय।।
तन धनकी सुध ना रहीं, बोलत है बहकाय ।।४।।
उत्तर देश पञ्जाबते, कारवान इक आय।।
उतरी पुरी उजीणमें, डेरा दिया लगाय ।।५।।
सुण तारीफी अश्वकी, विक्रम लियो बुलाय।।
पाणीपत आकाश गत, लीना तुरत बुलाय ।।६।।
कमर बांध राजा चढ्यो, फेरन आप तुरङ्ग।।
चाबुक लीनी हातमें, नाचत बहुत तुरङ्ग ।।७।।
कुण्डल मण्डल फेरता, मनमें घनो उमङ्ग।।
पवनवेग चढगो गगन, दूजो कोउ न संग ।।८।।
विषमघाट वन गहरा, देखत भूप मलीन।।
दुखमें दुख दूणो थयो, अश्व हो गयो लीन ।।९।।
राजा कछु ग्यामैं नहीं, विकल भई है बुद्ध।।
फिरै दिवानो बावरो, रति नई है शुद्ध ।।१०।।
भूखो प्यासो रोवतो, वन वन डोलै राय।।
फिर सुपने शनि बोलियो, अबहीं मोय चिताय ।।११।।

-: छन्द-पद्धरी :-

ऐतिह्य नाम करके प्रमाण, विक्रम तणा जु करहू बखान।
फल फूल खाय वनमें रहंत, गिरिगुफा माहिं निशिजा परंत ।।१।।
निज देश पंथ नाहीं मुरंत, सुध परी नाय भूपति तुरंत।
कहुँ चढत वृक्ष हेठै गिरंत, कहुँ विकल चित्त वनमें फिरंत ।।२।।
लीनी भ्रमंत चहुँ दिशा हेर, नहिं कहू ठौर दिनके जु फेर।
मुनिजनके आश्रम गो चराय, कहुँ कहुँ जु बीचमें सुख उपाय ।।३।।
इह भांति बीतगो बरस रोज, भूपति नहिं पायो रहे खोज।।
संपत के सीरी बहुत लोग, कोई नई संगी विपती भोग ।।४।।

-: चौपाई :-

बनी बनीका सब कोइ सीरी। बिगरीमें नाखत है खीरी ।।
ढांसी सै वण ज्यावै मीरी। खा ज्याणै सब गूद पंजीरी ।।१।।

भूप गये को करै न सोरा। उठ लागैगा चोर चकोरा।।
निर्भय काम करत है सारा। साँच झूठ नाहीं निरधारा।।२।।
जिस नर माहिं विषो पड ज्यावे। रूप शील गुण सब घट ज्यावै।।
खबर नहीं पडती राजाकी। बुरी विपत बाता लाजा की।।३।।
हेरा देश भूप नहिं पायो। मंत्री अपनो अमल जमायो।।
दर्द मर्मकी लखै न कोई। विपत पड्याको सगो न सोई।।४।।
भूषण वसन कछू तन जेई। तस्कर लूट ले गया केई।।
कछु खायो कछु खोय खिंडायो। घर घर फिरै नित्य डबकायो।।५।।
विषम उजार पंथ नहिं सूझै। तिसा मरत इक ग्वाल्यो बूजै।।
जल प्यायो अरु राह बतायो। ले मुदडो राजा फरमायो।।६।।
वीरसिंह राजा कै आयो। बरस डेढ थोरो सुख पायो।।
झूठो कन्या कलंक लगायो। भाग दौडकर जीव बचायो।।७।।
विजय केतु पश्चिम दिश गाजै। धारा नगर बसै सिरताजै।।
आय लियो विक्रम जांवासो। बरस एकमें माच्यो रासो।।८।।
वाघ सिंह बन गऊ विनासी। चढ्यो भूप सह करत खुवासी।।
सिंह हत्यो राजाने वनमें। मची हलहली सारे जनमें।।९।।
विक्रम सिंह व्याघ्र बहु मारे। भाज गए नृप मंत्री सारे।।
रानी खबर दई हलकारे। सेवक होकर गजब गुदारे।।१०।।
पकर कैदमें पटक्यो वानै। छोड्यो रानी धर्म पिछानै।।
सोवत नग्न वसै समसाना। खूल्या केश फिरत हु दिवाना।।
तर्जनि भस्म बालुका लूणा। दांतण करत दुःख होय दूणा।।११।।
फैल पषंड दंभ गह ठाडो। धर्म कर्म व्रत नेमहि छाडो।।
पाप करत आपद दुखखाडो। ले डूब्यो गोरल ज्यू हाडो।।१२।।

**-: दोहा :-**

कही न जावै दुःखकी, नित नित, नूतन बात।।
कहां पांव लागै नहीं, शनी करत है घात।।१।।
कदीक मन धीरज धरी, मधुबन थयो मुक्काम।।
गावत गीत सुकंठरस, वीरमोहनी नाम।।२।।

**-: छन्द-वीरमोहन :-**

इकतारी इक रखो राम पै निर्भय किससे मती डरै।
रेख कर्मकी टरै न टारी मूरख मन क्यूं सोच करै।।टेर।।
विधिने लिखा सोइ होता है घाट बाँधना ही तिलवा।
देश विदेश बिकट वन खंडा फिर आवो धिकनां मिलवा।।
देख पराई धन सुख संपत दुर्जन तन लागे जलवा।

